# बीकानेर में दीपावली के दिन घर के बाहर बच्चे के सीने पर सुतली बम फटा, मौत

## सुतली बम बच्चे के सीने पर फटने से मांस के चीथड़े उड़ गए और गहरा घाव हो गया

**बीकानेर,** (निसं)। यहां दीपावली के दिन पटाखे से हुए हादसे में नौ साल के मासूम की जान चली गई। बज्जू उपखंड के चारणवाला क्षेत्र में आतिशबाजी करते समय सुतली बम बच्चे की छाती पर फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे

- **पटाखा छाती को पार करके अंदर तक घाव कर चुका था, जिससे डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके**

पहले बज्जू अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसा चारणवाला ब्रांच के चक 14 सीडब्ल्यूबी में हुआ। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मणराम पुत्र भगवानाराम मेघवाल के घर के पास ही आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान सुतली बम उसके सीने पर फट गया, मांस के चीथड़े उड़ गए और गहरा घाव हो गया। परिजन उसे लेकर स्थानीय प्राइवेट डॉक्टर डॉ. हरीश नागपाल के पास लेकर पहुंचे। जांच में सामने आया कि मासूम के सीने पर 3 घाव हो गए थे। गंभीर हालत में उसे बीकानेर रेफर कर दिया। जहां देर रात पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पटाखा छाती को पार करके अंदर तक घाव कर चुका था, जिससे डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। बताया जा रहा है कि लक्ष्मणराम के पिता भगवानाराम मेघवाल जमीन किराए पर लेकर खेती करते हैं। भारतसिंहपुरा के सरपंच कन्हैयालाल मेघवाल ने बताया कि लक्ष्मणराम का एक छोटा भाई भी है, जिसकी उम्र करीब छह से सात महीने है और उसकी तबीयत भी ठीक नहीं रहती। हादसे के बाद परिवार में शोक छा गया। बच्चे का अंतिम संस्कार चक 14 सीडब्ल्यूबी स्थित पैतृक निवास पर किया गया।



बच्चे का अंतिम संस्कार चक 14 सीडब्ल्यूबी स्थित पैतृक निवास पर किया गया।

### हिंडौन में बच्चे का सुतली बम से गाल फटा

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। गत 8 और 9 नवंबर को पटाखों से झुलसने के 25 मामले सामने आए। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रेफर किया गया, जिनमें 8 साल का एक बालक भी शामिल है।

जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर मनोज जांगिड़ ने बताया कि 8 और 9 नवंबर की रात पटाखों से झुलसने के ज्यादा मामले आए। बनकी निवासी अर्पित (8) का सुतली बम से गाल फट गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर किया गया। आपातकालीन कक्ष में बर्न वार्ड बनाया गया। अस्पताल में 8 नवंबर को झुलसने के 11 और 9 नवंबर को 14 मामले आए। दिवाली के लिए जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बर्न वार्ड बनाया गया है और विशेष व्यवस्था की गई है। 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा के चलते अस्पताल में अलर्ट व्यवस्था रखी गई।

## बूंदी में गिलास में सुतली बम फोड़ने से मासूम की जान गई

**बूंदी,** (निसं)। दिवाली की रोशनी और गोवर्धन पूजा के उत्साह के बीच बूंदी में एक अत्यंत हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जिसने एक परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। घर में गोवर्धन पूजा की तैयारियां चल रही थीं, उसी दौरान पटाखे जलाते

- **बम का धमाका इतना जबरदस्त था कि गिलास के चिथड़े उड़ गए और उसका एक तीखा टुकड़ा मासूम के सीने में जा धंसा**

समय हुए दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय मासूम साजन की जान चली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे बालक घर के बाहर अकेले पटाखे चला रहा था। इसी दौरान उसने स्टील के गिलास में सुतली बम रखकर उसमें आग लगा दी। बम का धमाका इतना जबरदस्त था कि गिलास के चिथड़े उड़ गए और उसका एक तीखा टुकड़ा मासूम के सीने में जा धंसा। धमाके के बाद बालक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। तेज धमाके की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। बदहवास पिता रामलाल कालबेलिया परिजनों की मदद से गंभीर रूप से



घायल बेटे को लेकर आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रमेश आर्य और सदर थाने के सहायक उपनिरीक्षक राम सिंह पुलिस जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे। चूंकि मामला सदर थाना क्षेत्र का है, इसलिए सदर थाना पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की और शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू करवाई। दर्दनाक हादसे की सूचना मिलने पर नगर परिषद सभापति भरत शर्मा भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल पिता और परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मृतक साजन तीन भाई-बहनों में मझला था।

## जोधपुर में हुये अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट में पिछले दो दिनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई के उपरांत शव उनके परिजन के सुपुर्द किए। पुलिस अब मामलों की जांच में जुटी है।

- **पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव उनके परिजन के सुपुर्द किए**

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि गुजवाला बेरा, बड़ली नेड़ के रहने वाले रामस्वरूप पुत्र घेवरचंद ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका बड़ा भाई 61 वर्षीय श्यामलाल रिंग रोड चौखा कदमकंडी के पास में पैदल सड़क पार कर रहा था। तब एक बुलेट सवार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उनकी मौत हो गई। राजीव गांधी नगर पुलिस ने अज्ञात बुलेट सवार के खिलाफ अब पड़ताल आरंभ की है। इसी तरह नखाकला खिंवसर नागौर के रहने वाले चैनाराम पुत्र मोटाराम गोदारा ने रिपोर्ट दी कि उसका बहनोई बाबूलाल (53) बाइक लेकर नगर निगम कचरा प्लांट के सामने रिंग रोड से निकल रहा था। तब एक कार के चालक ने बाइक को चपेट में लेकर पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उसका बहनोई बाबूलाल बुरी तरह घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

झंवर पुलिस ने बताया कि जानादेसर निवासी पुखराज पुत्र मदनलाल गौड़ ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र मुरली बाइक लेकर 2 नवंबर को झंवर एरिया से निकल रहा था। तब एक कार चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका पुत्र मुरली बुरी तरह घायल हो गया था। उसकी अब अस्पताल में मौत हो गई। इसी तरह राणा नगर हिंगोला झंवर के रहने वाले बिलाल खां पुत्र फूसे खां ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई बाइक लेकर चिंचड़ली गांव स्कूल से आगे निकल रहा था। तब किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल उसके भाई की बाद में मौत हो गई। वहीं करवड़ पुलिस के अनुसार पाल लिंक रोड राजीव गांधी कॉलोनी देवनगर निवासी इमरान पुत्र फकीर मो. ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई बाइक लेकर करवड़ एरिया से निकल रहा था। तब किसी वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में घायल उसके भाई की अस्पताल में मौत हो गई।

## पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, घर में घुसकर फायरिंग का आरोप

### बताया जा रहा है कि गोली लगने से चार लोग घायल हुये हैं, अलवर रेफर किया

**अलवर,** (निसं)। जिले के थानागाजी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। एक परिवार ने पड़ोसी पक्ष के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग करने का आरोप लगाया है। घटना में चार लोग गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को पहले थानागाजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए अलवर रेफर कर दिया गया।

पुलिस को दी रिपोर्ट में कोलियों की ढाणी निवासी लेखराज गुर्जर ने बताया कि उनके पड़ोसी ताराचंद राजपूत के साथ पुरानी रंजिश चल रही है।

आरोप है कि पड़ोसी पक्ष की ओर से आए दिन जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। परिवादी के अनुसार, नौ नवंबर को शाम आरोपियों ने उनके घर पहुंचकर पिस्टल से फायरिंग की थी। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने मकान के दरवाजे बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। रिपोर्ट के अनुसार, दस नवंबर को सुबह परिवार के सदस्य और रिश्तेदार घर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान आरोपी पक्ष के कई लोग वाहनों में सवार होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर परिवार के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर पिस्टल से गोलियां चला दीं। फायरिंग में दुर्गेश गुर्जर, अनु गुर्जर, बादामी देवी और लालचंद घायल हो गए। गोलीबारी के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायलों को तत्काल थानागाजी के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलवर रेफर कर दिया।

## ट्रेन की चपेट से पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत, एक युवक घायल

**बीकानेर,** (निसं)। ट्रेन की चपेट में आने से पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में घड़सीसर रेलवे ट्रैक पर हुआ।

जानकारी के अनुसार पति-पत्नी झगड़ा करते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए थे। उन्हें बचाने के लिए दो युवक भी ट्रैक पर चले गए। इसी दौरान ट्रेन आ गई और हादसा हो गया। पति-पत्नी और एक युवक के टुकड़े-टुकड़े हो गए। क्षत-विक्षत शवों को पोटली में बांधकर पीबीएम हॉस्पिटल लेकर गए। हादसे के बाद ट्रेन मौके पर काफी देर तक रुकी रही। तीनों मृतक रामू (55), उनकी

- **झगड़ते-झगड़ते रेलवे ट्रैक पर पहुंचे थे पति-पत्नी, बचाने आए युवक की भी जान गई**

पत्नी पिंकी (53) और संजीत मोची बिहार के दरभंगा के रहने वाले थे। वहीं घायल अमरचंद सांखला बीकानेर के रानी बाजार के निवासी हैं। तीनों अमरचंद के खेत में काम करते थे।

थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि रामू, पिंकी और संजीत तीनों अमरचंद सांखला के खेत पर मजदूरी करते थे। दोपहर किसी बात को लेकर रामू और पिंकी के बीच झगड़ा हुआ था। खेत में काम करने वाले किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना खेत मालिक अमरचंद को दी थी। इसी दौरान पति-पत्नी झगड़ते हुए रेलवे ट्रैक की तरफ दौड़ने लगे। खेत पर मौजूद संजीत उन्हें बचाने के लिए पीछे दौड़ा। उधर, सूचना मिलने पर अमरचंद भी दुकान से खेत पर पहुंच गए और ट्रैक की तरफ चले गए। इसी दौरान ट्रेन आ गई। ट्रेन ने पति-पत्नी को टक्कर मार दी। उन्हें बचाने के प्रयास में संजीत और अमरचंद भी ट्रेन की चपेट में आ गए। रामू, पिंकी और संजीत की मौके पर ही मौत हो गई। शव पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए। अमरचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शव को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाने के लिए असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खड़गावत पहुंचे। खड़गावत ने बताया कि तीनों के शव करीब आधा किलोमीटर एरिया में बिखरे हुए थे। चपेट में आने के बाद ट्रेन रुकती, तब तक शव कई हिस्सों में कट चुके थे। शरीर के हिस्से काफी दूर तक बिखर गए थे। कहीं हाथ मिला तो कहीं पैर मिला। हादसे के दौरान लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। ट्रेन रुकते ही बड़ी संख्या में यात्री नीचे उतरकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर जीआरपी, रेलवे कर्मचारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

## होटल में अकेली सो रही बुजुर्ग महिला की ईंट से वार कर हत्या, आरोपी फरार

### अजमेर के भिनाय क्षेत्र में दीवाली की सुबह खून से लथपथ शव मिला

**अजमेर,** (निसं)। जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में दीपावली के दिन एक बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया है। गोवलिया-करांटी निवासी 66 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी मोहन रावत की होटल में सोते समय सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह जब महिला का बेटा होटल पहुंचा तो मां को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखकर उसके होश उड़ गए। महिला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर भिनाय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को नसीराबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **सीसीटीवी में संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही कैद, खून से सनी ईंट बरामद की, महिला का मोबाइल भी गायब**

महिला के बेटे ताराचंद (45) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी मां लक्ष्मी देवी रात को होटल में ही सोती थीं। दीपावली की सुबह करीब सात बजे वह घर से होटल पहुंचा तो मां लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और चेहरा खून से सना हुआ था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

परिजनों ने शनिवार शाम होटल पर आए एक अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का संदेह जताया है। होटल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक व्यक्ति की आवाजाही सामने आई है। वह ट्रक से उतरकर होटल की तरफ आता और फिर वहां से जाता दिखाई दे रहा है। हालांकि, उसकी भूमिका को लेकर पुलिस जांच कर रही है। घटनास्थल से महिला का मोबाइल भी गायब मिला है, जिससे वारदात में लूट या अन्य कारणों की आशंका की भी जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर ने महिला के सिर पर ईंट से कई वार किए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को मौके से खून से सनी ईंट भी बरामद हुई है। लक्ष्मी देवी के दो बेटे ताराचंद और मुन्नालाल हैं। दोनों खेती-बाड़ी का काम करते हैं। महिला प्रतिदिन अकेले ही होटल में रुकती थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपित की तलाश में जुटी है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**सादुलपुर,** (निसं)। पुलिस थाना राजगढ़ क्षेत्र के किशनपुरा जोहड़ी में मंगलवार को एक व्यक्ति का पेड़ पर फंदे से लटका शव मिला है। घटना की सूचना पर मौका पर हरिकिशन सउनि मय जाब्ता के मौका पर पहुंचकर शव को पेड़ पर लगाये गए फंदे से उतरवाया गया। मृत व्यक्ति की लाश को सरकारी अस्पताल राजगढ़ के मोर्चरी रूम में रखवाया गया है।

## सीकर जिले में युवती और नाबालिग लापता

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले में दो अलग-अलग मामलों में 21 साल की युवती और 16 साल की नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले सामने आए हैं। दोनों के परिजनों ने युवकों पर उन्हें अपने साथ ले जाने का शक जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

16 वर्षीय नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी 7 नवंबर की रात बिना बताए घर से कहीं चली गई। 8 नवंबर की सुबह जब परिवार के लोग जागे तो उसके घर पर नहीं होने का पता चला। परिजनों ने घर में मौजूद मोबाइल फोन की जांच की तो सामने आया कि लड़की कुछ अनजान नंबरों पर बातचीत करती थी। इसके बाद पिता ने मामले में शिकायत दर्ज करवाई।

दूसरे मामले में 21 वर्षीय युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 8 नवंबर की सुबह बिना किसी को बताए घर से चली गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी आसपास और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पिता ने एक परिचित युवक पर बेटी को अपने साथ ले जाने का शक जताया है। दोनों मामलों में पुलिस परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

## भीलवाड़ा में बीड़ी के गोदाम में भीषण आग लगी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के वात्सल्य हॉस्पिटल के पास स्थित राजेश देवपुरा के बीड़ी गोदाम में सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

- **आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गोदाम के भीतर से अचानक धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना तुरंत गोदाम मालिक, पुलिस और दमकल विभाग को दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बीड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे लोगों की सांसें अटक गईं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर चारों तरफ से पानी डालकर काबू पाया। समय रहते दमकल के पहुंचने से आग आसपास की अन्य इमारतों तक नहीं फैल पाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग यह पता लगाने में जुटे हैं कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। इस अग्निकांड में गोदाम के भीतर कितना माल जलकर खाक हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है।

## अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखने के पांच केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में दीपोत्सव के बीच अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर पांच केस दर्ज किए है। दो में दुकानदारों की गिरफ्तारी होने के साथ बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। वहीं एक मकान में बने गोदाम पर पुलिस ने छापा मारा और भारी मात्रा में पटाख जब्त किए गए।

- **मकान में अवैध रूप से बेचे जा रहे थे पटाखे, गोदाम पर छापा मारा**

माता का थान पुलिस को सूचना मिली कि अशोक कॉलोनी पानी टंकी के पास में एक मकान में बने गोदाम से अवैध रूप से पटाखे बेचे जा रहे हैं। आसपास रहवासीय बस्ती है। इस पर थानाधिकारी अनिल यादव आदि वहां पहुंचे और मकान के गोदाम पर रेड दी गई। जहां पर अवैध विस्फोटक सामग्री मिली। पुलिस ने गोदाम से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री यानी पटाखे जब्त किए जाने के साथ राजेश खेतानी के खिलाफ केस दर्ज किया। दूसरी तरफ डांगियावास पुलिस थाने के एएसआई परसाराम ने कोकुण्डा गांव में हरवन गोस्वामी को अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार एएसआई परमेश्वरलाल ने खातियासनी डांगियावास में अर्जुन जाट को गिरफ्तार कर पटाखे जब्त किए।

करवड़ थाने के एएसआई बंशीलाल ने गंगाणी गांव में महेंद्र उर्फ कालूराम से विस्फोटक सामग्री जब्त की। जबकि एएसआई मोहनराम ने बासनी लाछा गांव में सुनील जाट से विस्फोटक सामग्री को जब्त किया।

## श्रीगंगानगर में खाद्य सुरक्षा टीम ने डेढ़ क्विंटल खराब सामग्री नष्ट करवाई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई जारी है।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने

- **"शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए**

बताया कि एफएसओ हंसराज गोदारा, रेणु चौधरी एवं उर्मिला भादू की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जिला मुख्यालय पर श्री करनी डेयरी एंड वैरायटी स्टोर से दूध, तुलसी स्वीट कॉर्नर से बालूशाही तथा डेली फूड मार्ट से पोहा एवं सूजी रस्क के सैंपल लिए गए। वहीं बींझबायला में मैसर्स नागपाल मिष्ठान भंडार से बेसन चूरमा एवं ईश्वर स्वीट्स से मावा मिठाई के सैंपल लिए गए। निरीक्षण के दौरान उक्त दोनों प्रतिष्ठानों पर खराब चाशनी, रसगुल्ले, गुलाबजामुन एवं अन्य खाद्य सामग्री पाई गई। मौके पर करीब डेढ़ क्विंटल खराब खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई, ताकि यह आमजन के उपयोग में नहीं आ सके।



श्रीगंगानगर में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से सैम्पल लिये।

वहीं एफएसओ मंजूबाला, नित्या शर्मा एवं कंवरपाल सिंह ने श्रीकरणपुर में ठाकुरजी नमकीन एंड स्वीट्स से बेसन बर्फी एवं मीठे मावे, बालाजी मिष्ठान भंडार से पिन्नी एवं चमचम तथा सत्कार स्वीट हाउस से नमकीन के सैंपल लिए गए। विभागीय टीम ने खाद्य कारोबारियों को मिठाइयां खुले में नहीं रखने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए। साथ ही मसाले एवं खाद्य तेल खुली अवस्था में नहीं बेचने, अच्छी गुणवत्ता की सामग्री उपयोग में लेने, दुकानों में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने एवं फूड डिस्प्ले बोर्ड लगाने के लिए पाबंद किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों को खाद्य संस्थानों में स्वच्छता बनाए रखने, पेयजल की जांच करवाने, नियमित पेस्ट कंट्रोल करवाने तथा खाद्य कारोबार में लगे कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश भी दिए गए। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया कि खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग का उद्देश्य उनकी गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना है। सैंपल लेने का अर्थ यह नहीं है कि संबंधित प्रतिष्ठान की खाद्य सामग्री खराब है। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए निरीक्षण और नमूने लेने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मोबाइल पर आए मैसेज को खोलते ही बैंक खाते से 15 लाख रुपए पार

### साइबर ठगों ने दो बार में खाते से निकाली बड़ी रकम, पीड़ित ने मामला दर्ज कराया

अजमेर, (निसं)। साइबर ठगों ने लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए नए-नए तरीके अपना रखे हैं। अब मोबाइल पर आने वाले टैक्स मैसेज के जरिए भी लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाई जा रही है। ऐसा ही एक मामला अजमेर के कृष्णगंज थाना क्षेत्र के लोहागल में सामने आया है, जहां एक व्यक्ति के मोबाइल पर आए टैक्स मैसेज को खोलना भारी पड़ गया। मैसेज खोलने के कुछ ही समय बाद उसके बैंक खाते से दो बार में कुल 15 लाख रुपए की राशि निकल गई।

जानकारी के अनुसार, लोहागल निवासी जीतमल ने कृष्णगंज पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसके मोबाइल पर एक टेक्स मैसेज आया था। उसने सामान्य मैसेज समझकर उसे खोल लिया। इसके बाद उसके बैंक खाते से पहली बार में 10 लाख रुपए कट गए। पीड़ित अभी इस घटना को समझ पाता, उससे पहले ही दूसरी बार में खाते से 5 लाख रुपए और निकल गए। इस तरह उसके बैंक खाते से कुल 15 लाख रुपए की राशि निकाल ली गई। खाते से बड़ी रकम निकलने की जानकारी मिलने पर जीतमल के होश उड़ गए। जब उसने पूरे मामले की जानकारी जुटाई तो उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने कृष्णगंज पुलिस थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

एएसआई संदीप ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल पर आए टैक्स मैसेज के जरिए किस तरह ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया और खाते से निकाली गई रकम किन बैंक खातों में स्थानांतरित हुई। साथ ही साइबर ठगों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।